भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 2269**

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 5 दिसम्बर, 2014/14 अग्रहायण, 1936 (शक) को दिया गया)

**रातों रात गायब होने वाली कंपनियां**

**2269. श्रीमती कमला पाटले :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रातों रात गायब होने वाली कंपनियों के रूप में पहचान की गई कंपनियों की छत्तीसगढ़ सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है और इसमें कितनी अनुमानित धनराशि शामिल की गई है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसी कंपनियों की पहचान करने और उनकी निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है/गठन करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके निष्कर्ष क्या रहे और सरकार द्वारा इस पर क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गई हैं; और

(ग) देश में लोगों को निवेश की जानकारी देने और ऐसी कंपनियों पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)**

**(क) :** पब्लिक इश्यू के माध्यम से निधियाँ एकत्रित करने के पश्चात् दस्तावेज तथा तुलन-पत्र दायर नहीं करने वाली तथा लापता हो जाने वाली कंपनियों को “गायब कंपनियां” कहते हैं।

प्रारंभ में ऐसी 283 कंपनियों की पहचान की गई थी। उनमें से 128 कंपनियों ने बाद में वार्षिक विवरणी आदि दायर करना शुरू कर दिया और, इसलिए, उन्हें अब "गायब कंपनियाँ" नहीं माना जा सकता

...2/-



तथा एक 'निगरानी सूची' में रखते हुए उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बाकी कंपनियों में से 32 अब परिसमापनाधीन हैं। आज की तारीख में "गायब कंपनियाँ" वर्ग में 78 कंपनियां आती हैं। इन 78 कंपनियों द्वारा उगाही गई कुल राशि 310.21 करोड़ रुपए (लगभग) थी। इन 78 गायब कंपनियों की राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

**(ख)** : ऐसी कंपनियों की पहचान करने और उनके कार्यकलापों की निगरानी करने के लिए एक समन्वयन एवं निगरानी समिति पहले से ही है। सभी 78 कंपनियों और उनके निदेशकों का पता लगाने तथा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के अधीन उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज किए गए हैं। ऐसी कंपनियों और इनके प्रवर्तकों/निदेशकों के विरूद्ध कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 162 और 220 के अधीन क्रमश: वार्षिक विवरणी तथा तुलन पत्र दाखिल नहीं करने तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 62/63, 68 तथा 628 के अधीन भी विवरणिका में गलत विवरण देने/धनराशि निवेश करने के लिए छल से उकसाने/प्रस्ताव दस्तावेजों में गलत विवरण देने आदि के लिए अभियोग दायर किए गए हैं।

**(ग) :** मंत्रालय ने निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा लोगों को संवेदनशील बनाने के सक्रिय उपाय भी किए हैं। निवेशकों की जागरूकता एवं सशक्तिकरण हेतु निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) के अधीन भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई), भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के सहयोग से नियमित रूप से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मंत्रालय ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी

विभाग के अधीन एक संस्था, के माध्यम से 2012-13 से ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया है। 2013-14 के दौरान ऐसे 2897 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

*****

**अनुलग्नक**

**रातों रात गायब होने वाली कंपनियां से संबंधित दिनांक 05.12.2014 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2269 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**गायब होती कंपनियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | लुप्त कंपनी का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | इश्यू की राशि (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | आशी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पूर्व में आशी फार्माकेम लिमिटेड नाम से जानी जाती थी) | गुजरात | 5.52 |
| 2. | भावना स्टील कास्ट लिमिटेड | गुजरात | 2.10 |
| 3. | जेन्युइन कॉमोडिटिज डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड | गुजरात | 2.68 |
| 4. | ग्रोथ एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड | गुजरात | 5.40 |
| 5. | केसर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल लिमिटेड | गुजरात | 5.69 |
| 6. | लियोन्स इंडस्ट्रीयल एस्टेट इंटरप्राइजेज लिमिटेड (पूर्व में लियोन्स रेंज फाइनेंस लिं. के नाम से जानी जाती थी) | गुजरात | 6.37 |
| 7. | मानव फार्मा लिमिटेड | गुजरात | 5.30 |
| 8. | मैरीन कार्गो कंपनी लिमिटेड | गुजरात | 3.41 |
| 9. | नैचुरो पेस्ट लिमिटेड | गुजरात | 4.84 |
| 10. | निशु फिनकैप लिमिटेड (पूर्व में मेधा फाइनेंस एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | गुजरात | 4.25 |
| 11. | पुर ओपेल क्रिएशनस लिमिटेड (पूर्व में न्यूलाइन ग्लासवेयर (इंडिया) लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | गुजरात | 6.78 |
| 12. | प्रोटेक सर्किट ब्रेकर्स लिमिटेड | गुजरात | 2.00 |
| 13. | प्रोटेक स्विचगियर्स लिमिटेड | गुजरात | 2.00 |
| 14. | श्री याक्स फार्मा एंड कॉस्मेटिक्स लिमिटेड | गुजरात | 6.06 |
| 15. | स्पिल फाइनेंस लिमिटेड | गुजरात | 5.70 |
| 16. | सुशील पैकेजिंग्स (इंडिया) लिमिटेड | गुजरात | 4.52 |
| 17. | टॉपलाइन शूज़ लिमिटेड | गुजरात | 7.80 |
| 18. | आदित्य ऐल्केलॉइड्स लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 3.55 |
| 19. | कैनरा क्रेडिट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 2.49 |
| 20. | डैजी सिस्टम्स लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 1.31 |
| 21. | आईमैप टैक्नोलॉजिज लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 1.80 |
| 22. | कामक्षी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (वर्तमान में किशा इमपैक्स लिमिटेड नाम से जानी जाती है) | आंध्र प्रदेश | 5.71 |
| 23. | डेक्कन पैट्रोलियम लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 4.57 |
| 24. | औरपाइन सिस्टम्स लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 2.71 |
| 25. | छाकड़ी टायर्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड अथवा राइनो टायर्स लिमिटेड (वर्तमान में राम टायर्स लिमिटेड के नाम से जानी जाती है) | आंध्र प्रदेश | 9.59 |
| 26. | सीक्वल सॉफ्ट इंडिया लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | - |
| 27. | साइबर मीडिया एंड एंटरटेन्मेंट लिं. | आंध्र प्रदेश | 3.50 |
| 28. | साइबर सॉफ्टवेयर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 3.50 |
| 29. | स्वाल कंप्यूटर्स लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 2.60 |
| 30. | विज़ी साइबर टैक लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 1.40 |
| 31. | अंबुजा जिंक लिमिटेड | बिहार | 2.14 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | बोध गया सिरैमिक्स लिमिटेड | बिहार | 0.49 |
| 33. | सिल्सन ऑर्गेनिक्स लिमिटेड | बिहार | 8.00 |
| 34. | श्री वैष्णवी प्रिंटिंग एंड डाईंग लिमिटेड | बिहार | 3.24 |
| 35. | कैयरवेल हाइजीन प्रोडक्ट्स लिमिटेड | चंडीगढ़ | 2.49 |

......2/-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36. | सुखचैन सीमेंट्स लिमिटेड (पूर्व में गणपति सीमेंट्स प्रा. लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | चंडीगढ़ | 3.65 |
| 37. | केडिया इन्फोटेक लिं. (पूर्व में ग्रीव्स होटेल्स लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | दिल्ली | 4.98 |
| 38. | हौफलैंड इन्वेस्टमेंटस लिमिटेड (पूर्व में वदरा इन्वेस्टमेंटस लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | दिल्ली | 2.90 |
| 39. | सिमप्लेक्स होल्डिंगस लिमिटेड | दिल्ली | 2.27 |
| 40. | स्टार इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड | दिल्ली | 2.47 |
| 41. | जेड इन्वेस्टमेंटस लिमिटेड | दिल्ली | 2.80 |
| 42. | फ्लोरा वॉल कवरिंगस लिमिटेड | कर्नाटक | 5.82 |
| 43. | ओषन नीट्स लिमिटेड | कर्नाटक | 2.61 |
| 44. | हाई-टेक ड्रग्स लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 3.23 |
| 45. | मध्यावर्त एक्सऔइल लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 2.30 |
| 46. | राजाधिराज इन्डस्ट्रीस लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 2.50 |
| 47. | साउथ एशियन मशरूमस लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 6.10 |
| 48. | स्टरलिंग कौक सैन्ड ब्रिक्स लिमिटेड | मध्य प्रदेश | 4.44 |
| 49. | कालडिन एयरकॉन लिमिटेड | महाराष्ट्र | 4.45 |
| 50. | ग्लोबल एक्जिबीशनस लिमिटेड (पूर्व में ग्लोबल नेटवर्क लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | महाराष्ट्र | 4.45 |
| 51. | हितेश टेक्स्टाईल मिल्स लिमिटेड | महाराष्ट्र | 7.48 |
| 52. | इछाकलांजी सोया लिमिटेड | महाराष्ट्र | 2.00 |
| 53. | पशुपति केबल्स लिमिटेड | महाराष्ट्र | 11.95 |
| 54. | रियलटाइम फिनलीज़ लिमिटेड | महाराष्ट्र | 3.75 |
| 55. | रसोडे एंड कंपनी लिमिटेड | महाराष्ट्र | 0.94 |
| 56. | स्पार्कल फूडस लिमिटेड | महाराष्ट्र | 5.00 |
| 57. | विपुल सिक्युरिटीज़ लिमिटेड | महाराष्ट्र | 3.00 |
| 58. | यूनिवर्सल वीटा एलीमेन्टेयर लिमिटेड | उड़ीसा | 1.80 |
| 59. | हौलमार्क ड्रग्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (पूर्व में लाइफलाइन ड्रग्स लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) | पंजाब | 7.00 |
| 60. | ऐमिगो एक्सपोर्टस लिमिटेड | तमिलनाडु | 3.30 |
| 61. | क्रेस्टवर्ल्ड मेरिन्स लिमिटेड | तमिलनाडु | 4.38 |
| 62. | माँ कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड | तमिलनाडु | 1.44 |
| 63. | नागार्जुना जीयो इन्डस्ट्रीज़ लिमिटेड | तमिलनाडु | 2.73 |
| 64. | पीके वादूवम्मल फाइनेन्स एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (वर्तमान में नोवेल फाइनेंस (आई) लिमिटेड के नाम से जानी जाती है) | तमिलनाडु | 1.50 |
| 65. | पैंगो एक्सपोर्टस लिमिटेड | तमिलनाडु | 2.47 |
| 66. | साई ग्रह फाइनेंस एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड | तमिलनाडु | 4.05 |
| 67. | श्याम प्रिंटर्स एंड पबलिशर्स लिमिटेड | तमिलनाडु | 2.25 |
| 68. | एवीआर सिक्युरिटिज़ लिमिटेड | तमिलनाडु | 2.47 |
| 69. | ग्लोबल ब्लूम्स इंडिया लिमिटेड | तमिलनाडु | 2.10 |
| 70. | रिज़वी एक्सपोर्टस लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 3.65 |
| 71. | शेफाली पेपर्स लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 2.57 |
| 72. | सिद्धार्थ फार्माकेम लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 12.00 |
| 73. | विदियानी एग्रोटेक इन्डस्ट्रीज़ लिमिटेड | उत्तर प्रदेश | 2.80 |
| 74. | एशियन वेजप्रो इन्डस्ट्रीज. लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 7.09 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 75. | कीव फाइनेंस लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 12.00 |
| 76. | ओरिएन्टल रेमिडीज़ एंड हबर्लस लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 1.88 |
| 77. | एसएसके फिस्कल सर्विसेज़ लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 2.00 |
| 78. | साकेत एक्सट्रूशन्स लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 2.13 |
| | | **कुल:** | **310.21** |

*****